बलवा — 15 से अधिक उपद्रवी गिरफ्तार, शांति भंग करने वाले सीधे जाएंगे जेल, रासुका के तहत भी हो सकती है कार्रवाई

# मझौली में खूनी संघर्ष के बाद आगजनी






**मझौली, नवभारत, जबलपुर।** मझौली के बाजार प्लाट इलाके में शुक्रवार की रात पुरानी रंजिश और पारिवारिक विवाद को लेकर दो गुटों के बीच हुआ टकराव अब बड़े प्रशासनिक एक्शन में तब्दील हो चुका है। सरेराह वेगनार कार फूंकने, पथराव और लाठी-रॉड से हुए इस खूनी संघर्ष के बाद जबलपुर पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय ने जिले के आला अधिकारियों के साथ मोर्चा संभाल लिया है।

दोनों पक्षों की ओर से दर्ज क्रॉस एफआईआर नंबर 0279 और 0280 के बाद एसपी ने उपद्रवियों के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

### आखिर क्यों सुलग उठा मझौली का बाजार प्लाट?

बताया जाता है कि शुक्रवार की रात करीब 9:15 बजे मझौली का मुख्य बाजार इलाका उस वक्त रणक्षेत्र बन गया जब दो पक्षों के 16 से ज्यादा नामजद और कई अन्य अज्ञात आरोपी लाठी, डंडे, बेसबॉल बैट और लोहे की रॉड लेकर सड़क पर उतर आए। पुलिस ने दोनों पक्षों की शिकायत पर क्रॉस कायमी की है।

### फुटेज के आधार पर चलाया धरपकड़ अभियान

उन्होंने कहा कि सरेराह आगजनी और पथराव कर कस्बे की शांति व्यवस्था को चुनौती देने वाले किसी भी अपराधी को बख्शा नहीं जाएगा। पुलिस ने वीडियो फुटेज, सीसीटीवी और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर रात से ही धरपकड़ शुरू कर दी थी। अब तक इस हिंसक उपद्रव में शामिल 15 से अधिक आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। जो फरार हैं, उनकी तलाश में टीमें लगी हैं। अगर जरूरत पड़ी तो मुख्य उपद्रवियों पर रासुका और जिला बदर जैसी कड़ी वैधानिक कार्रवाई भी की जाएगी।

### कानून हाथ में लेने वालों पर लगेगा रासुका : एसपी

घटना के बाद कानून-व्यवस्था की स्थिति की समीक्षा करते हुए जबलपुर एसपी संपत उपाध्याय ने मीडिया और जनता के सामने पुलिस का कड़ा रुख स्पष्ट कर दिया है। एसपी संपत उपाध्याय ने सख्त लहजे में चेतावनी देते हुए कहा कि मझौली के बाजार प्लाट में हुई घटना बेहद गंभीर है।

### पहले पक्ष ने ये लगाए आरोप

पहला पक्ष के हर्ष सोनी का कहना था कि रास्ते में घेरकर लोहे की रॉड से जानलेवा हमला किया गया है। वहीं एफआईआर नंबर 0279 के अनुसार, फरियादी हर्ष राज सराफ (उम्र 24 वर्ष) ने आरोप लगाया कि इंद्राना रोड स्थित उनकी सोने-चांदी की दुकान पर आकर पहले धमकी दी गई। इसके बाद रात में बाजार प्लाट से गुजरते समय राकेश परोहा, अनुज, मनोज, अभिषेक, आयुष, अभिजीत, पुष्पेन्द्र परौहा और स्वयं प्रकाश तिवारी ने उन्हें घेर लिया और लाठी-रॉड से हमला कर दिया। इस हमले में हर्ष राज, आशुतोष सोनी और अभिषेक दुबे को गंभीर चोटें आई हैं। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 115 (2), 118 (1), 126 (2), 191 (2), 191 (3), 296 और 351(3) के तहत केस दर्ज किया है।

### दूसरे पक्ष ने भी लगाए आरोप

वहीं दूसरा पक्ष के कटनी निवासी प्रकाश तिवारी का कहना है कि फसाद की जड़ उनकी बेटी से बातचीत का पुराना विवाद है। हर्ष सोनी ने लड़की की शादी भी तुड़वा दी थी। इसी रंजिश में हर्ष सोनी, नरेन्द्र, गणेश सोनी, अंशुल, अल्लू सोनकर, राज सोनकर, आईला साहू और आशुतोष सोनी ने राकेश परोहा के घर पर पथराव किया। आरोप है कि गणेश सोनी ने घर के बाहर खड़ी मनोज परौहा की वेगनार कार (एमपी 20 सीडी 4282) को आग लगाकर पूरी तरह खाक कर दिया और आर्टिका कार भी तोड़ दी। विरोध करने पर अनुज और सुशील परोहा को बेरहमी से पीटा गया। वहीं पुलिस ने दूसरे पक्ष के खिलाफ धारा 324 (5) आगजनी, 326, 126 (2), 296, 115 (2), 191(2), 191 (3), और 351 (3) जैसी संगीन धाराओं में मामला दर्ज किया है।

### मझौली में भारी पुलिस बल तैनात

एसपी संपत उपाध्याय के निर्देश पर मझौली में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। प्रभावित इलाकों और बाजार प्लाट में लगातार पुलिस फ्लैग मार्च कर रही है। दोनों मामलों की कमान कार्यवाहक प्रधान आरक्षक दशेंद्र कुमार दीक्षित को सौंपी गई है, जो साक्ष्य जुटा रहे हैं। वहीं थाना प्रभारी नेहरू सिंह खंडाते के नेतृत्व में टीमें लगातार दबिश दे रही हैं।

**इनका कहना है**

मझौली में स्थिति अब पूरी तरह नियंत्रण में और शांतिपूर्ण है। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों या भड़काऊ पोस्ट डालने वालों को सीधे चिन्हित कर जेल भेजा जाएगा। पुलिस ने अपील की कि नागरिक शांति बनाए रखें, पुलिस प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है।

**संपत उपाध्याय, एसपी जबलपुर**



# प्रथम पूज्य का प्रसंग सुन भाव विभोर हुए श्रद्धालु

▶ पनागर में शिव महापुराण कथा सुनने उमड़े रहे भक्त




**पनागर, नवभारत।** प्रताप वार्ड स्थित शिव मंदिर में आयोजित शिव महापुराण कथा में प्रख्यात कथा व्यास भैया जी पाण्डेय ने भगवान श्री गणेश के जन्म एवं उनके 'प्रथम पूज्य' बनने की दिव्य कथा का भावपूर्ण वर्णन किया। कथा श्रवण के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और भगवान गणेश की लीलाओं का रसपान कर भक्ति भाव में डूब गए।कथा व्यास ने बताया कि माता पार्वती ने स्नान से पूर्व अपने शरीर के चंदन एवं उबटन से एक सुंदर बालक की रचना कर उसमें प्राण स्थापित किए तथा उसे द्वार पर पहरा देने का आदेश दिया।

इसी दौरान भगवान शिव के आगमन पर बालक ने उन्हें अंदर प्रवेश करने से रोक दिया। इससे क्रोधित होकर भगवान शिव ने त्रिशूल से उसका शीश अलग कर दिया।माता पार्वती के शोक और क्रोध से संपूर्ण सृष्टि संकट में पड़ गई। तब भगवान शिव के आदेश पर गणों ने उत्तर दिशा से एक हाथी के शिशु का सिर लाकर बालक के धड़ से जोड़ दिया। इस प्रकार भगवान गणेश को पुनर्जीवन प्राप्त हुआ और वे गजानन कहलाए।कथा के दौरान गणेश एवं कार्तिकेय के मध्य ब्रह्मांड की परिक्रमा प्रतियोगिता का प्रसंग भी सुनाया गया। कथा व्यास ने बताया कि जहाँ कार्तिकेय अपने वाहन मोर पर सवार होकर संपूर्ण ब्रह्मांड की परिक्रमा करने निकल पड़े, वहीं बुद्धि और विवेक के प्रतीक भगवान गणेश ने अपने माता-पिता भगवान शिव और माता पार्वती की सात बार परिक्रमा कर ली।

उन्होंने माता-पिता को ही समस्त संसार का स्वरूप मानते हुए यह संदेश दिया कि माता-पिता की सेवा और सम्मान ही सबसे बड़ा धर्म है।भगवान गणेश की इस अद्भुत बुद्धिमत्ता से प्रसन्न होकर देवताओं ने उन्हें सर्वप्रथम पूजनीय होने का वरदान दिया। कथा के दौरान श्रद्धालुओं ने भक्ति और श्रद्धा के साथ भगवान शिव एवं गणेश जी के जयकारे लगाए। महाशिवपुराण कथा में प्रताप वार्ड सहित नगर के विभिन्न क्षेत्रों से बड़ी संख्या में धर्मप्रेमी श्रद्धालु प्रतिदिन सहभागिता कर रहे हैं।

# गंदे पानी के नदी में मिलने पर जताई चिंता

▶ स्वच्छ भारत अभियान के प्रदेश संयोजक ने किया वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का निरीक्षण



**जबलपुर, नवभारत।** स्वच्छ भारत अभियान (मध्य प्रदेश) के प्रदेश संयोजक कान्हा चतुर्वेदी ने शनिवार को नगर परिषद भेड़ाघाट के अंतर्गत आने वाले पंचवटी वॉटर ट्रीटमेंट प्लांट का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्लांट की कार्यप्रणाली का बारीकी से जायजा लिया और जल संरक्षण व स्वच्छता को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान कान्हा चतुर्वेदी ने जीवनदायिनी मां नर्मदा की स्वच्छता और पवित्रता को सर्वोपरि बताते हुए कहा, 'मां नर्मदा की स्वच्छता और पवित्रता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। उन्होंने क्षेत्र में मां नर्मदा नदी में मिलने वाले सभी ओपन नालों की वर्तमान स्थिति को देखा और गंभीर चिंता व्यक्त की। नालों के गंदे पानी को सीधे नदी में मिलने से रोकने के लिए उन्होंने मौके पर ही नगर परिषद के मुख्य नगरपालिका अधिकारी विक्रम सिंह झरिया से विस्तृत चर्चा की। श्री चतुर्वेदी ने सीएमओ को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि सभी खुले नालों की प्रॉपर टैपिंग सुनिश्चित की जाए, ताकि दूषित जल को ट्रीटमेंट प्लांट के माध्यम से साफ करके ही आगे भेजा जा सके और मां नर्मदा का जल पूरी तरह स्वच्छ बना रहे। इस निरीक्षण और समीक्षा के दौरान अंकित पांडे, अंशुल सहित स्थानीय स्वच्छता टीम और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।



# प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र में हुई जन आरोग्य समिति की बैठक

**बेलखाडू, नवभारत।** प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलखाडू (मोहास) में जन आरोग्य समिति की बैठक आयोजित हुई। मुख्य अतिथि गौरी शंकर पटेल सरपंच ग्राम पंचायत मुहास एवं जनपद सदस्य श्रीमती दसोदा ठाकुर अध्यक्ष, जनारोग्य समिति बेलखाडू की उपस्थित में मेडिकल ऑफिसर डॉ पीयूष द्विवेदी ने समिति के सभी सदस्यों का स्वागत किया, आयुष ऑफिसर डॉ नीशमा सिद्दकी ने संस्था की उपलब्धियों एवं सुविधाओं की जानकारी दी। समिति की पिछली बैठक में प्रस्तावित सभी कार्यों की समीक्षा की गई। विकास खण्ड, एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पनागर के अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बेलखाडू हृक्क्रस प्रमाण पत्र प्राप्त करने वाली पहली संस्था होने पर समिति के सदस्यों द्वारा संस्था के सभी स्टॉफ का स्वागत एवं आभार व्यक्त किया गया। समिति द्वारा अस्पताल में आने वाले मरीजों की सुविधा के लिए अनेक महत्वपूर्ण प्रस्ताव पारित किए गए बैठक का संचालन एवं आभार अजय चौबे ने किया। बैठक में जन आरोग्य समिति सदस्यों में राकेश नगाइच, रवि पटेल ,सुबोध शर्मा, राकेश वर्मा ,पूजा सेन, नीलम विश्वकर्मा, वर्षा कुर्मी, प्रेमलता पटेल, राधा ठाकुर, शिखा शुक्ला, वीरेंद्र पटेल, मुकेश रजक, सिद्धांत ठाकुर उपास्थित रहे ।

## आकाश बने सहायक प्राध्यापक

**अनूपपुर।** जिले के संजय नगर निवासी आकाश सोनी पुत्र स्वर्गीय अशोक सोनी का मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सहायक प्राध्यापक (भूगोल) परीक्षा-2024 की चयन सूची में चयन होने पर क्षेत्र में हर्ष और उत्साह का वातावरण है। उनकी इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर परिवारजनों, मित्रों, शुभचिंतकों तथा नगरवासियों ने उनका सम्मान करते हुए बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं। आकाश सोनी ने अपनी कड़ी मेहनत, लगन एवं निरंतर अध्ययन के बल पर यह सफलता अर्जित की है। उनके चयन से न केवल उनके परिवार बल्कि पूरे अनूपपुर जिले का गौरव बढ़ा है। उनकी उपलब्धि क्षेत्र के युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बनकर सामने आई है।

# मेडिकल टीम की तत्परता और सूझबूझ से बची जच्चा-बच्चा की जान

**हाई रिस्क गर्भवती महिला जिला अस्पताल में भर्ती**



**अनूपपुर, नवभारत 13 जून।** जनपद अनूपपुर की ग्राम पंचायत बदरा में आयोजित जनकल्याण शिविर के दौरान स्वास्थ्य विभाग की सतर्कता और संवेदनशील पहल से एक हाई रिस्क गर्भवती महिला को समय रहते जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया।

जानकारी के अनुसार शिविर के दौरान मैदानी अमले को ऐसी गर्भवती महिला के संबंध में सूचना मिली, जो लगातार आग्रह के बावजूद स्वास्थ्य परीक्षण कराने से इंकार कर रही थी। मामले की गंभीरता को देखते हुए कलेक्टर हर्षल पंचोली एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की सुरक्षा एवं नियमित निगरानी संबंधी दिए गए निर्देशों के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी ने तत्काल कार्रवाई की। लगातार समझाइश के जिला अस्पताल जाने तैयार हुए

मेडिकल टीम की लगातार समझाइश और संवेदनशील संवाद का सकारात्मक परिणाम सामने आया तथा परिजन महिला को बेहतर उपचार एवं सुरक्षित प्रसव के लिए जिला चिकित्सालय ले जाने के लिए सहमत हो गए। इसके बाद स्वास्थ्य विभाग की टीम ने महिला को तत्काल जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया, जहां विशेषज्ञ चिकित्सकों की निगरानी में उसका उपचार और आवश्यक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं।

### विशेषज्ञ मेडिकल टीम महिला के घर पहुंची

सीएमएचओ के नेतृत्व में विशेषज्ञ मेडिकल टीम महिला के घर पहुंची और उसकी स्वास्थ्य स्थिति का परीक्षण किया। टीम ने महिला एवं उसके परिजनों को स्वास्थ्य जांच नहीं कराने से उत्पन्न होने वाले संभावित खतरों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। मौके पर की गई जांच में महिला हाई रिस्क श्रेणी में पाई गई। स्वास्थ्य अधिकारियों ने परिजनों को जच्चा-बच्चा दोनों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले जोखिमों से अवगत कराया।

# 18 बैलों को किया मुक्त तीन तस्करों पर मामला दर्ज

**कोतमा में पशु तस्करी पर पुलिस का बड़ा एक्शन**

**कोतमा नवभारत 13 जून।** क्षेत्र में अवैध पशु तस्करी के खिलाफ पुलिस ने शनिवार को एक बड़ी कार्यवाही की है। पुलिस ने क्रूरतापूर्वक ले जाए जा रहे 18 बैलों को मुक्त कराते हुए तीन आरोपियों के खिलाफ पशु क्रूरता एवं पशु परीक्षण अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। इस कार्यवाही से क्षेत्र के पशु तस्करों में हड़कंप मच गया है।

जानकारी के अनुसार, शनिवार सुबह आरोपी लपटा गांव से 18 बैल पैदल हांककर कोतमा की ओर ला रहे थे। जब स्थानीय नागरिकों ने पशुओं की यह दयनीय स्थिति देखी, तो उन्होंने सजगता दिखाते हुए तुरंत पुलिस को मामले की सूचना दी।

### पुरानी रसीद दिखाकर बचने का प्रयास असफल

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर पशुओं को मुक्त कराया। मौके पर पशुओं को हांककर ले जा रहे मुख्य आरोपी जयपाल केवट ने पुलिस को बचने के लिए एक रसीद दिखाई, जो कि एक महीना पुरानी थी। जांच के बाद पुलिस ने इस रसीद को अमान्य (रिजेक्ट) कर दिया। पुलिस ने मामले में नामजद आरोपी पप्पू राठौर, जयपाल केवट एवं एक अन्य आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया।

### ग्रामीण क्षेत्रों में हड़कंप

विदित हो कि कोतमा के लहसूई और आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से लंबे समय से बड़े स्तर पर पशुओं की अवैध तस्करी की शिकायतें आती रही हैं। इससे पहले भी पुलिस ने अभियान चलाकर कई प्रतिबंधात्मक कार्यवाहियां की थीं। शनिवार को हुई इस ताजा कार्यवाही के बाद से क्षेत्र के पशु तस्करों और माफिया में हड़कंप का माहौल है। स्थानीय ग्रामीणों ने पुलिस की इस त्वरित कार्यवाही की सराहना की है।



# सड़क हादसे में 3 की मौत, दो घायल

**अनूपपुर नवभारत 13 जून।** जिले के राजेंद्रग्राम थाना क्षेत्र में शनिवार को दो अलग-अलग सड़क हादसे में 3 लोगों की मृत्यु हो गई हैं, जबकि 2 घायलों का इलाज जारी हैं।

जानकारी अनुसार शनिवार की दोपहर राजेंद्रग्राम थाना क्षेत्र के ग्राम मौहारी परसेलखर्द निवासी 28 वर्षीय राम सिंह की बाइक किरर के जंगल में अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कुछ लोगो देखकर सूचना पर मौके पर पुलिस ने पंचनामा बना पोस्टमार्टम उपरांत शव परिजनों को सौप कर जांच की कार्यवाई प्रारंभ कर दी।

### कार चालक वाहन से नियंत्रण खो दिया

दूसरी घटना राजेंद्रग्राम थाना क्षेत्र में शनिवार की शाम कार सवार 4 लोग राजेंद्रग्राम से अपने गृह ग्राम बंहनी जा रहे थे तभी कारीमाट जंगल मोड में तिवारीटोला के समीप स्थित तीखे मोड़ पर कार चालक वाहन से नियंत्रण खो दिया, जिससे कार सड़क छोड़कर सीधे खेत में जा घुसी। हादसा इतना भीषण था कि एक व्यक्ति की मौके पर ही मृत्यु हो गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए है।

### मृतकों में दो सगे भाई शामिल

घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पुष्पराजगढ़ पहुंचाया गया, जहां उपचार के दौरान एक अन्य घायल ने भी दम तोड़ दिया है। वर्तमान में दो घायलों का इलाज जारी हैं। मृतकों में 29 वर्षीय नर्मदा प्रसाद कनौजिया एवं 25 वर्षीय सोनू कनौजिया दोनों के सगे भाई थे। थाना प्रभारी राजेंद्रग्राम पीसी कोल ने बताया कि सड़क दुर्घटना में 3 की मृत्यु हो गई हैं।

विरोध — नयानगर बाजार में कांग्रेस का 'पोल खोल, हल्ला बोल' आंदोलन

# मुख्यमंत्री का पुतला फूंक कर जताया विरोध



**चरगवां, नवभारत।** ब्लॉक चरगवां के अंतर्गत नयानगर बाजार में कांग्रेस पार्टी द्वारा 'पोल खोल, हल्ला बोल' आंदोलन के तहत विरोध प्रदर्शन किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व जिला कांग्रेस कमेटी ग्रामीण अध्यक्ष संजय यादव के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष संतोष डहेरिया के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने प्रदेश सरकार की नीतियों के विरोध में प्रदर्शन करते हुए मोहन यादव का पुतला दहन किया।

कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने प्रदेश की विभिन्न जनसमस्याओं को लेकर सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी की। वक्ताओं ने आरोप लगाया कि गांव-गांव में अवैध रूप से शराब की बिक्री हो रही है, कई गोशालाएं बंद पड़ी हैं, पेट्रोल-डीजल एवं आवश्यक वस्तुओं की कीमतों में लगातार वृद्धि से आमजन परेशान हैं तथा बेरोजगारी की समस्या लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार इन मुद्दों पर गंभीरता से कार्य करने में विफल रही है।

### जनहित के मुद्दों से ध्यान भटका रही सरकार

वक्ताओं ने कहा कि जनता महंगाई, बेरोजगारी और मूलभूत सुविधाओं के अभाव से जूझ रही है, जबकि सरकार जनहित के मुद्दों से ध्यान भटका रही है। इसी के विरोध में कांग्रेस पार्टी द्वारा 'पोल खोल, हल्ला बोल' आंदोलन चलाकर जनता की आवाज बुलंद की जा रही है। प्रदर्शन के दौरान बड़ी संख्या में कांग्रेस पदाधिकारी, कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे। प्रमुख रूप से संजय यादव,संतोष,डहेरिया मन्नी बाई, समनलू सिंह मरावी, रामकुमार सियाम, हरि चक्रवाती, रामसेवक भलावी, उमा जी, रामेश्वर मासाब, देवेंद्र प्रजापति, रवि पटेल, गोलू पटेल, भगत जी, सोनू सेन, पप्पू महाराज एवं सरदार सिंह सहित अनेक कांग्रेसजन और क्षेत्रीय नागरिक मौजूद रहे। कांग्रेस नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि जनसमस्याओं का शीघ्र समाधान नहीं किया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।